epaper
हिन्दुस्तान

फ़ीडबैक के लिए धन्यवाद! वापस लाएं
इस साइट पर विज्ञापनों की समीक्षा करने के लिए हम आपके फ़ीडबैक का उपयोग करेंगे.
अपनी विज्ञापन सेटिंग अपडेट करके आपको बेहतर विज्ञापन दिखाने में हमारी सहायता करें.
Google

हिन्दुस्तान, पटना, 01 जुलाई 2015

पृष्ठ सं० 02

मेहसी में लीची पौध प्रसारण केन्द्र शीघ्र : राधा मोहन

पटना | **हिन्दुस्तान ब्यूरो**

केंद्रीय कृषि मंत्री राधा मोहन सिंह ने कहा कि देशभर में अपनी गुणवत्ता व मिठास के लिए प्रसिद्ध पूर्वी चंपारण के मेहसी लीची को विश्व पटल पर आने में अब देर नहीं है। इसके लिए केंद्र सरकार ने पहल तेज कर दी है। केन्द्र ने मेहसी में लीची पौध प्रसारण सह प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना का निर्णय किया है। इसके लिए केंद्र ने 7 करोड़ की योजना स्वीकृत की है।

कृषि मंत्री ने कहा, योजना पर काम करने के लिए केंद्र ने एक करोड़ विमुक्त भी कर दिया है। राशि लीची पौध संरक्षण अनुसंधान संस्थान मुजफ्फरपुर को भेजी जा चुकी है। राज्य सरकार से मेहसी से सटे परसौनी में बंद पड़े कृषि फार्म की 25 एकड़ जमीन की मांग केन्द्र

ने की है। तत्कालीन सीएम जीतन राम मांझी ने इस दिशा में काम भी शुरू किया पर वर्तमान सीएम का ध्यान इस पर नहीं है। राज्य सरकार जमीन से जुड़ी संचिका पर कुंडली मारकर बैठी है। नीतीश कुमार केंद्र की ओर से भेजे गए जमीन के प्रस्ताव पर तमाम प्रक्रिया अविलंब पूरी कराएं, ताकि लीची उत्पादकों का भला हो। उन्होंने सत्ताधारी दल से जुड़े चंपारण के नेताओं स भी कहा है कि वे सीएम को मेहसी की लीची की विशेषता और यहां के लोगों की मांग से अवगत कराएं ताकि वे इस विषय पर संजीदा हों। जनहित के मुद्दे पर राजनीति नहीं होनी चाहिए।

फ़ीडबैक के लिए धन्यवाद! वापस लाएं
इस साइट पर विज्ञापनों की समीक्षा करने के लिए हम आपके फ़ीडबैक का उपयोग करेंगे.
अपनी विज्ञापन सेटिंग अपडेट करके आपको बेहतर विज्ञापन दिखाने में हमारी सहायता करें.
Google